11/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पूर्वोत्तर के छात्रों को काम के लिए अपने क्षेत्र से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें वहीं रोजगार के अवसर मिलेंगे। श्री शाह ने आज नई दिल्ली में स्टूडेंट्स एक्सपीरियंस इन इंटर-स्टेट लिविंग (एसईआईएल) द्वारा आयोजित युवा संसद में पूर्वोत्तर के छात्रों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ब्रह्मपुत्र पर भारत का सबसे लंबा रेल-सह-सड़क पुल बनाने की योजना बनाई जा रही है। असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच रेल लाइन भी बनाई जा रही है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल विधानसभा ने आज 8वीं विधानसभा के के चौथे दिन अरुणाचल प्रदेश वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 को सफलतापूर्वक पारित किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि, इस सुधार से छोटे व्यवसायों पर अनुपालन का बोझ कम करते हुए राजस्व सृजन को बढ़ावा देगा जिससे निरंतर आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि, प्रमुख प्रावधानों में बेहतर आईटीसी वेरिफ़िकेशन, सरल रिटर्न फाइलिंग के लिए सख्त उपाय शामिल हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री ने कानून पारित करने में सर्वसम्मति से समर्थन देने के लिए सदन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने विधानसभा के पहले दिन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सभी विधायकों को भी धन्यवाद दिया। यह प्रस्ताव विधायक डॉ. मोहेश चाई द्वारा पेश किया गया तथा विधायक जिक्के ताको द्वारा इसका समर्थन किया गया।

**0000000000000000000000**

फिल्म और टेलीविजन संस्थान, जोते में छात्रों के पहले बैच ने कल अपनी यात्रा शुरू की। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में साझा किया कि यह पूर्वोत्तर क्षेत्र के सिनेमाई भविष्य और महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माताओं के लिए एक शानदार अवसर है। उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने छात्रों की उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाए देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने और राज्य में एक समृद्ध फिल्म संस्कृति विकसित करने के लिए हमारे समर्पण के लिए एक प्रतिक है।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च एंड एनालिसिस, आईआईएम शिलांग के सहयोग से कल नाहरलागुन में राज्य भर के उपायुक्तों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। 12 मार्च तक चलने वाले इस कार्यक्रम जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को उन्नत प्रबंधन कौशल और रणनीतिक शासन संबंधी अंतर्दृष्टि प्रदान करना है।

इंटरैक्टिव प्रशिक्षण मॉड्यूल का उद्देश्य रणनीतिक निर्णय लेने, नेतृत्व क्षमताओं और शासन दक्षता को बढ़ाना है, जिससे उपायुक्त को अपने जिलों में प्रगतिशील प्रशासनिक सुधारों को लागू करने में सशक्त बनाया जा सके।

00000000000000000000000

नाहरलगुन ओसी इंस्पेक्टर के. देव के नेतृत्व में नाहरलगुन पुलिस की एक टीम ने राजधानी क्षेत्र में कई चोरी और लोगों के घरों में चोरी छिपे घुसने के मामलों में शामिल होने के आरोप में अलग-अलग स्थानों से तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए किए गए गहन प्रयासों के तहत ये गिरफ्तारियां की गईं। इस बीच, नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने नागरिकों से कार, बाइक, मोबाइल फोन, टीवी, गैस सिलेंडर, स्थानीय आभूषण और अन्य कीमती सामान जैसे सेकेंड हैंड सामान को बिना प्रामाणिकता एवं उचित जांच किए बिना न खरीदने का आग्रह किया है, क्योंकि वे चोरी की संपत्ति हो सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोरी की संपत्ति खरीदना भी कानून के तहत दंडनीय अपराध है। और इसी के तहत नागरिकों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को देने की सलाह दी गई है।

00000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के लिए राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सियांग, लेपा रादा, कामले, वेस्ट सियांग, अपर सियांग, ईस्ट सियांग, दिवांग वैली, लोअर दिवांग वैली, अंजाव और तिराप जिलों को अग लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इसके साथ ही अंजाव और लोहित जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, जिसके तहत अगले 24 घंटों में अलग अलग समय पर इन जिलों में गरज के साथ ही बिजली गिरने और तेज बारिश की चेतावनी दी गई है।

0000000000000000000000

भारत के चुनाव आयोग ने ईआरओ, डीओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से आगामी 20 अप्रैल तक सुझाव मांगे हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत करने का सुझाव भी रखा। इससे पहले, मुख्य चुनाव आयुक्त ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने का निर्देश दिया था।

0000000000000000000000

मार्च का महीना कोलोरेक्टल कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। पुरुषों और महिलाओं में यह बीमारी बढ़ती जा रही है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के डॉ. कार्तिक साहनी ने आकाशवाणी से बातचीत में कोलोरेक्टल कैंसर के शुरुआती लक्षण तथा इसके प्रबंधन और उपचार के बारे में बताया।

**000000000000000000**